नोएडा में तीन हज़ार करोड़ रुपए की लागत से बनेगा अपैरल पार्क

चर्चा में क्यों?

15 जुलाई, 2022 को उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि नोएडा में तीन हज़ार करोड़ रुपए की लागत से अपैरल पार्क स्थापित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इसमें 115 वस्त्र इकाइयाँ स्थापित की जाएगी और 2 लाख लोगों को रोज़गार मिलेगा।
- लोक भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एमएसएमई विभाग की 100 दिन की उपलब्धियाँ बताते हुए राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा से पावरलूम संचालन को प्रोत्साहित करने के लिये 'मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना' के नाम से एक नई योजना शुरू की जाएगी।
- इससे पारंपरिक विद्युत ऊर्जा की खपत कम होगी। प्रदूषण में कमी के साथ वस्त्र उत्पादन की लागत में भी कमी आएगी और बुनकरों को आर्थिक लाभ होगा।
- टैक्सटाइल पॉलिसी-2017 में नवाचार को शामिल करते हुए टेक्सटाइल पॉलिसी-2022 का ड्राफ्ट तैयार करके शासन को भेजा गया है। नई पॉलिसी से प्रदेश में वस्त्रोद्योग के क्षेत्र में निवेश में और अधिक बढ़ोतरी होगी तथा अधिकाधिक रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।
- उल्लेखनीय है कि 30 जून, 2022 को आयोजित मेगा लोन मेले में 1 लाख 90 हज़ार लाभार्थियों को 16 हज़ार करोड़ रुपए का ऋण वितरित किया गया। एमएसएमई अधिनियम के तहत 100 दिनों में 73 उद्यम स्थापित हो चुके हैं। अब तक 7202 उद्यम अधिनियम के तहत स्थापित हुए है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/apparel-park-to-be-built-in-noida